Daksh®

# 2026

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB)

# प्रयोगशाला सहायक

(Lab. Assistant) (विज्ञान)

# सामान्य ज्ञान

[PAPER-1]

4 सॉल्वड पेपर्स

1500 परीक्षा उपयोगी अति महत्त्वपूर्ण प्रश्न

11 प्रैक्टिस पेपर्स

सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या (OMR शीट) सहित

29 दिसम्बर 2024 को जारी अधिसूचना (41 जिलें एवं 7 सम्भाग) के अनुसार

29 जून 2022, 28 जून 2022, 03 फरवरी 2019 एवं 13 नवम्बर 2016 के प्रश्न-पत्र व्याख्या सहित हल

- कम समय में निश्चित सफलता हेतु एकमात्र प्रैक्टिस पेपर
- विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रैक्टिस पेपर
- पाठ्यक्रम में शामिल प्रत्येक बिन्दु पर आधारित प्रश्नों का महत्व के अनुसार समावेश

Buy Online at :
WWW.DAKSHBOOKS.COM

दक्ष®

# पाठ्यक्रम (Syllabus)

## सामान्य ज्ञान

**Part-I • राजस्थान का इतिहास, संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान**

1. राजस्थान के इतिहास के प्रमुख स्रोत
2. राजस्थान की प्रमुख प्रागैतिहासिक सभ्यताएँ
3. राजस्थान के मुगल राजवंश एवं उनकी उपलब्धियाँ
4. मुगल-राजपूत सम्बन्ध
5. स्थापत्य कला की प्रमुख विशेषताएँ
6. महत्त्वपूर्ण किले, स्मारक एवं संरचनाएँ
7. राजस्थान के धार्मिक आन्दोलन एवं लोक देवी-देवताएँ
8. मेले, त्योहार, लोक संगीत, लोक नृत्य, वाद्ययंत्र एवं आभूषण
9. राजस्थानी संस्कृति
10. महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पर्यटन स्थल
11. राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व
12. राजस्थान की रियासतें एवं ब्रिटिश संधियाँ, 1857 का जन-आन्दोलन
13. कृषक एवं जन-जाति आन्दोलन, प्रजामण्डल आन्दोलन
14. राजस्थान का एकीकरण
15. राजस्थान का राजनीतिक जनजागरण एवं विकास-महिलाओं के विशेष संदर्भ में

**Part-I • राजस्थान का भूगोल**

1. स्थिति एवं विस्तार
2. मुख्य भौतिक विभाग मरुस्थलीय प्रदेश, अरावली पर्वतीय प्रदेश, मैदानी प्रदेश, पठारी प्रदेश
3. अपवाह तंत्र
4. जलवायु
5. मृदा
6. प्राकृतिक वनस्पति
7. वन एवं वन्य जीव संरक्षण
8. पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय मुद्दे
9. मरुस्थलीकरण
10. कृषि-जलवायु प्रदेश एवं प्रमुख फसलें
11. पशुधन
12. बहुउद्देशीय परियोजनाएँ
13. सिंचाई परियोजनाएँ
14. जल संरक्षण
15. परिवहन
16. खनिज सम्पदाएँ

**Part-II • राजस्थान के समसामयिकी मामले**

**Part-III • विश्व एवं भारत का सामान्य ज्ञान**

**Part-IV • शैक्षणिक मनोविज्ञान**

# अनुक्रमणिका

*पेपर नं.* *पेपर का नाम* ............ *पृष्ठ संख्या*

## 4_SOLVED PAPERS


❖ प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 29 जून, 2022 को आयोजित प्रश्न-पत्र का हल एवं व्याख्या ............ P-1–P-10

❖ प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 28 जून, 2022 को आयोजित प्रश्न-पत्र का हल एवं व्याख्या ............ P-11–P-19

❖ प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 03 फरवरी, 2019 को आयोजित प्रश्न-पत्र का हल एवं व्याख्या ............ P-20–P-24

❖ प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा 13 नवम्बर, 2016 को आयोजित प्रश्न-पत्र का हल एवं व्याख्या ............ P-25–P-30


## 11_PRACTICE PAPERS


❖ प्रैक्टिस पेपर-1 ............ 1–12

❖ प्रैक्टिस पेपर-2 ............ 13–24

❖ प्रैक्टिस पेपर-3 ............ 25–35

❖ प्रैक्टिस पेपर-4 ............ 36–46

❖ प्रैक्टिस पेपर-5 ............ 47–58

❖ प्रैक्टिस पेपर-6 ............ 59–69

❖ प्रैक्टिस पेपर-7 ............ 70–81

❖ प्रैक्टिस पेपर-8 ............ 82–92

❖ प्रैक्टिस पेपर-9 ............ 93–103

❖ प्रैक्टिस पेपर-10 ............ 104–111

❖ प्रैक्टिस पेपर-11 ............ 112–126

**OMR Sheet ............ 1-16**

# प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान)

# विज्ञप्ति 2022

(Morning Shift)

## परीक्षा 29 जून, 2022 को आयोजित

• समय/Time : 2 घण्टे/Hours • प्रश्नों की संख्या/Number of Questions : 100 प्रश्न • पूर्णांक/Maximum Marks : 200

**1. ........ वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन फरवरी 2022 में राजस्थान ललित कला अकादमी कॉम्पलेक्स, झालाना में किया गया।**

(A) 60वीं (B) 61वीं (C) 62वीं (D) 63वीं **[C]**

**व्याख्या**—13 फरवरी 2022 को राजस्थान की कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला के मुख्य आतिथ्य में झालाना स्थित राजस्थान ललित कला अकादमी परिसर में 62वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का उद्‌घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर 10 कलाकारों को श्रेष्ठ कृतियों के लिये पुरस्कृत किया गया।

**2. आईएसएफआर-2021 के अनुसार राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक वन आवरण है?**

(A) प्रतापगढ़ (B) करौली (C) उदयपुर (D) अलवर **[C]**

**व्याख्या**—17वीं राजस्थान वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार राज्य में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले पाँच जिले निम्न हैं—

1. उदयपुर — 2753.39 वर्ग किमी.
2. अलवर — 1195.91 वर्ग किमी.
3. प्रतापगढ़ — 1033.77 वर्ग किमी.
4. बारां — 1010.05 वर्ग किमी.

ISFR-2023 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक वनावरण वाले जिले—

1. उदयपुर — 2766.30 वर्ग किमी.
2. अलवर — 1198.74 वर्ग किमी.
3. प्रतापगढ़ — 996.86 वर्ग किमी.
4. चित्तौड़गढ़ — 988.08 वर्ग किमी.
5. बारां — 975.13 वर्ग किमी.

**3. गोडवाड पर्यटन सर्किट ............. के स्थलों को कवर करेगा।**

1. जालौर 2. पाली 3. सिरोही 4. बाड़मेर

(A) केवल 1 व 2 (B) केवल 1, 2 व 3
(C) केवल 1 व 3 (D) सभी 1, 2, 3 व 4 **[D]**

**व्याख्या**—गोडवाड क्षेत्र राजस्थान का एक विशेष पर्यटन सर्किट है। यह पर्यटन सर्किट राज्य के जालौर, पाली, सिरोही एवं बाड़मेर जिले के स्थलों को कवर करेगा। इस सर्किट के क्षेत्र माउण्ट आबू, रणकपुर इत्यादि हैं।

**4. 18वीं राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी की मेजबानी राजस्थान के ............. जिले द्वारा की जायेगी।**

(A) प्रतापगढ़ (B) राजसमन्द (C) पाली (D) उदयपुर **[C]**

**व्याख्या**—जम्बूरी एक राष्ट्रीय स्तर का स्काउट और गाइड का कार्यक्रम है। 18वीं राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी का आयोजन 4-10 जनवरी 2023 को पाली जिले के निम्बली (रोहट) में हुआ। राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने वाले राज्यों में से राजस्थान को सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला।

**5. जनवरी 2022 में त्रि-दिवसीय योग महोत्सव की मेजबानी की थी—**

(A) उदयपुर ने (B) राजसमंद ने (C) करौली ने (D) जयपुर ने **[B]**

**व्याख्या**—जनवरी 2022 में राजसमंद के नाथद्वारा में आयुष मंत्रालय भारत सरकार और अखिल विश्व गायत्री परिवार के सहयोग से तीन दिवसीय (8 से 10 जनवरी तक) योग महोत्सव का आयोजन श्री दामोदर लालजी महाराज स्टेडियम में किया गया था।

**6. फरवरी 2022 में RPSC के अध्यक्ष पद पर किसे नियुक्त किया गया?**

(A) अजयसिंह चौहान (B) आशुतोष गुप्ता
(C) एस.सी. त्रिपाठी (D) संजय कुमार श्रोत्रिय **[D]**

**व्याख्या**—संजय कुमार श्रोत्रिय को फरवरी 2022 में RPSC का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। RPSC अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल 1 अगस्त 2024 तक रहा। वर्तमान में RPSC के अध्यक्ष **उत्कल रंजन साहू** (12 जून 2025 से) हैं।

**7. केन्द्रीय नवीन एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा राज्य 10 गीगावाट क्षमता के साथ सोलर हब के रूप में शीर्ष स्थान पर है?**

(A) राजस्थान (B) गुजरात (C) मध्य प्रदेश (D) महाराष्ट्र **[A]**

**व्याख्या**—नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान 10 गीगावाट (GW) की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के साथ भारत में एक प्रमुख सौर ऊर्जा केंद्र के रूप में उभरा है। राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के कई कारण हैं, जैसे अनुकूल जलवायु परिस्थितियाँ, बड़ी भूमि की उपलब्धता और राज्य सरकार की प्रोत्साहन नीतियाँ। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं, जिसमें सौर पार्कों की स्थापना और सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए सब्सिडी प्रदान करना शामिल है। यह राज्य को भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है और हरित ऊर्जा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

**8. 'राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2022' की मेजबानी की गई—**

(A) जयपुर द्वारा (B) जोधपुर द्वारा
(C) अजमेर द्वारा (D) कोटा द्वारा **[B]**

**व्याख्या**—राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) 2022 का आयोजन जोधपुर शहर में किया गया। यह फिल्म फेस्टिवल राजस्थान की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ फिल्म निर्माताओं को एक मंच प्रदान करता है। RIFF में विभिन्न देशों की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता है और यह फिल्म प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। यह फेस्टिवल फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने और पर्यटन को आकर्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(C) 7 अप्रैल, 2021 से (D) 7 अप्रैल, 2020 से **[B]**

**व्याख्या**—मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना 1 मई, 2021 को राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य राज्य के सभी निवासियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है। इसके तहत, प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष एक निश्चित राशि तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिलती है। यह योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाती है। 19 फरवरी 2024 से इस योजना का नाम परिवर्तित कर **मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना** किया गया है। इस योजना में प्रतिवर्ष प्रति परिवार 25 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जायेगा, जिसमें 5 लाख रुपये बीमा मोड में तथा 20 लाख ट्रस्ट मोड में कवरेज प्रदान करते हैं।

**10. 'मुख्यमंत्री राजश्री योजना' के तहत कुल कितना अनुदान दिया जाता है?**
(A) कुल ₹ 25,000 का अनुदान
(B) कुल ₹ 30,000 का अनुदान
(C) कुल ₹ 75,000 का अनुदान
(D) कुल ₹ 50,000 का अनुदान **[D]**

**व्याख्या**—राजस्थान में बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने एवं उनके स्वास्थ्य तथा शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए मुख्यमंत्री राजश्री योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत 1 जून 2016 या उसके बाद जन्म लेने वाली बालिकाएँ लाभ की पात्र होंगी। योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी बालिका के माता पिता/अभिभावक को 6 चरणों में कुल राशि रुपये 50,000 अधिकतम का भुगतान किया जायेगा।

**11. 'अकिल कुरैशी' ने ..... पद पर 6 मार्च, 2022 तक कार्य किया है।**
(A) राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश
(B) राजस्थान के राज्यपाल
(C) अल्पसंख्यक आयोग के निदेशक
(D) अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष **[A]**

**व्याख्या**—अकिल कुरैशी ने 12 अक्टूबर 2021 से 6 मार्च, 2022 तक राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय का सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश होता है और न्यायालय के प्रशासनिक कार्यों का नेतृत्व करता है। वे महत्वपूर्ण कानूनी मामलों की सुनवाई में भी शामिल होते हैं।

**12. इंदिरा रसोई योजना के अंतर्गत, लाभार्थी भोजन कितने रुपये में प्राप्त कर सकता है?**
(A) ₹8 (B) ₹10 (C) ₹12 (D) ₹14 **[A]**

**व्याख्या**—राजस्थान में गरीबों और जरूरतमंदों को कम कीमत पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंदिरा रसोई योजना प्रारम्भ की गई थी। वर्तमान में इस योजना का नाम परिवर्तित कर **'श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना'** कर दिया है। लाभार्थी से प्रति थाली ₹ 8 लिए जा रहे हैं तथा प्रति थाली ₹ 22 राज्य सरकार द्वारा भुगतान किया जा रहा है। प्रत्येक लाभार्थी को 600 ग्राम भोजन की थाली परोसी जाती है।

**13. मचकुण्ड के लाईट एण्ड साउण्ड शो को हाल ही में कहाँ आरम्भ किया गया?**
(A) फलौदी (B) जोधपुर (C) अलवर (D) धौलपुर **[D]**

**व्याख्या**—मचकुंड का साउंड एंड लाइट शो दिसम्बर 2021 में धौलपुर में शुरू किया गया था। मचकुंड एक प्राचीन तीर्थ स्थल है, और यह शो इस स्थान के इतिहास और महत्व को दर्शाता है। इस तरह के शो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं।

**14. आमागढ़ लैपर्ड सफारी कहाँ शुरू की गई है?**
(A) अजमेर (B) बूंदी
(C) सवाई माधोपुर (D) जयपुर **[D]**

**व्याख्या**—आमागढ़ लेपर्ड सफारी जयपुर में शुरू की गई है। यह सफारी तेंदुए (leopard) के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को देखने का एक अवसर प्रदान करती है। जयपुर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, और यह सफारी पर्यटकों के लिए एक और आकर्षण होगी। इससे वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

**15. राजस्थान सरकार 'बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय' की स्थापना कहाँ करेगी?**
(A) कामां, भरतपुर में (B) जामडोली, जयपुर में
(C) जोधपुर में (D) बारां में **[B]**

**व्याख्या**—राजस्थान सरकार 'बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय' की स्थापना जामडोली, जयपुर में करेगी। यह विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों (विकलांग व्यक्तियों) को उच्च शिक्षा प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए स्थापित किया जाएगा। बाबा आमटे एक प्रसिद्ध समाजसेवी थे जिन्होंने दिव्यांगजनों के लिए बहुत काम किया। यह विश्वविद्यालय उनके नाम को समर्पित है।

**16. नारी शक्ति पुरस्कार 2022 की विजेता निम्नलिखित में से कौन राजस्थान से है?**
(A) पूजा शर्मा (B) अंशुल मल्होत्रा
(C) बतूल बेगम (D) नीरजा माधव **[C]**

**व्याख्या**—नारी शक्ति पुरस्कार 2022 के विजेताओं में से बतूल बेगम राजस्थान से हैं। नारी शक्ति पुरस्कार भारत सरकार द्वारा महिलाओं को उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। बतूल बेगम एक लोक गायिका हैं और उन्होंने राजस्थानी लोक संगीत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**17. 'राजीव गाँधी कृषक साथी सहायता योजना' क्या प्रदान करती है?**
(A) बिजली गिरने तथा अँधड़ से फसल को हानि होने पर वित्तीय सहायता
(B) कृषि कार्यों से सम्बन्धित उपकरणों की खरीद हेतु वित्तीय सहायता
(C) कृषि कार्यों के दौरान एक्सीडेंट होने पर वित्तीय सहायता
(D) बागवानी एवम् जैविक कृषि के लिए वित्तीय सहायता **[C]**

**व्याख्या**—'राजीव गांधी कृषक साथी सहायता योजना' कृषि कार्यों के दौरान एक्सीडेंट होने पर ₹5000 से ₹200000 तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह योजना किसानों को खेती करते समय होने वाली दुर्घटनाओं से बचाने और उन्हें आर्थिक सहायता देने के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत, दुर्घटना में घायल होने या मृत्यु होने पर किसानों को मुआवजा दिया जाता है।

**18. राजस्थान सरकार की निम्नलिखित योजनाओं में से कौनसी प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी से सम्बन्धित है?**
(A) नेहरू योजना (B) इन्दिरा योजना
(C) गार्गी योजना (D) अनुप्रति योजना **[D]**

**व्याख्या**—अनुप्रति योजना राजस्थान सरकार की एक योजना है जो

**व्याख्या**—राजस्थान के श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिलों में भूरी रेतीली कछारी मिट्टी मिलती है। इसमें तीव्र जल निकासी होती है। इस मिट्टी में चूने, फॉस्फोरस एवं ह्यूमस की कमी मिलती है। इन भागों में सिंचाई की अच्छी सुविधा के कारण सरसों, कपास, गेहूँ एवं अन्य बागाती फसलों का उत्पादन किया जाता है।

**136. पश्चिमी राजस्थान में न्यून वर्षा के लिए उत्तरदायी मूल अंशदायी कारण क्या है—**

(A) वृष्टि छाया प्रदेश में क्षेत्र की अवस्थिति
(B) अति उष्ण स्थल-खण्ड पर दक्षिण-पूर्वी आर्द्रतावाही हवाओं का आकस्मिक प्रवेश
(C) भारतीय मानसून का प्रक्रियातंत्र
(D) अरावली पर्वत श्रेणी की दिक्स्थिति **[*]**

**व्याख्या**—राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारक पवनों की दिशा एवं सौर्यताप की मात्रा है। राज्य में अरावली पर्वत शृंखला की अवस्थिति दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व होने के कारण यह अरब-सागरीय मानसूनी पवनों की दिशा के समानान्तर पड़ती है। फलतः सामान्यतः वर्षा की कमी रहती है। राज्य की जलवायु को प्रभावित करने वाले अन्य कारक आंतरिक स्थिति, वनस्पति रहित आवरण, मिट्टियों की प्रकृति एवं चट्टानों की नग्नता है। पश्चिमी राजस्थान (थार का मरुस्थल) की प्रमुख जलवायिक विशेषताएँ - ऊँचा तापक्रम, कठोर सूखे की लम्बी अवधि, उच्च वायुवेग एवं निम्न सापेक्षिक आर्द्रता है।

**137. इन्दिरा गाँधी नहर के पूर्ण होने पर राजस्थान के कितने क्षेत्र में इसके द्वारा सिंचाई का लाभ प्राप्त हो सकेगा—**

(A) 17.41 लाख हेक्टेयर (B) 11.63 लाख हेक्टेयर
(C) 15.17 लाख हेक्टेयर (D) 19.65 लाख हेक्टेयर **[D]**

**व्याख्या**—इंदिरा गाँधी नहर परियोजना (I.G.N.P.) विश्व की सबसे बड़ी निर्माणाधीन बहुउद्देशीय परियोजना है। I.G.N.P. के उद्देश्य सिंचाई एवं पेयजल है। इस नहर के पूर्ण होने के पश्चात यह विश्व की सबसे बड़ी (वृहतम) परियोजना हो जायेगी। इस नहर से राज्य के कुल 19.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी।

**138. पश्चिमी राजस्थान की मिट्टी अम्लीय और क्षारीय तत्वों से संसिक्त कैसे हो जाती है—**

(A) जल के प्रवाह (flow of water) से
(B) मिट्टी की निचली सतह से ऊपर की ओर केशिकाओं द्वारा जल रिसाव (capillary action of water through cells) से
(C) मिट्टी के अपक्षालन (leaching) से
(D) मिट्टी की ऊपरी सतह से नीचे की ओर जल रिसाव (water percolation) से **[B]**

**व्याख्या**—केशिकाओं द्वारा नीचे से ऊपर की ओर जल रिसाव के कारण पश्चिमी मरुस्थल की मिट्टियाँ अम्लीय और क्षारीय हो रही है। इसका विस्तार खासतौर पर जोधपुर, पाली, भीलवाड़ा, अजमेर, भरतपुर, टोंक, नागौर, सिरोही, जालौर, बाड़मेर एवं चित्तौड़गढ़ जिलों में है। मिट्टी की क्षारीयता की समस्या के त्वरित समाधान हेतु जिप्सम का प्रयोग किया जाता है एवं दीर्घकालीन खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाती है।

**139. क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में राजस्थान में वन प्रकार की कौनसी क्रमावली सही है?**

(A) शुष्क पर्णपाती – मिश्रित पर्णपाती – उष्णकटिबंधीय कांटेदार – उपोष्ण कटिबंधीय सदाहरित
(B) मिश्रित पर्णपाती – शुष्क पर्णपाती – उष्णकटिबंधीय कांटेदार – उपोष्ण कटिबंधीय सदाहरित
(C) उपोष्ण कटिबंधीय सदाहरित – मिश्रित पर्णपाती – शुष्क पर्णपाती – उष्ण कटिबंधीय कांटेदार
(D) उष्ण कटिबंधीय कांटेदार – उपोष्ण कटिबंधीय सदाहरित – मिश्रित पर्णपाती - शुष्क पर्णपाती **[A]**

**व्याख्या**—क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में राजस्थान में वनों के प्रकार निम्न है—शुष्क पर्णपाती-मिश्रित पर्णपाती-उष्णकटिबंधीय कांटेदार-उपोष्ण कटिबंधीय सदाहरित

उष्ण कटिबंधीय शुष्क पतझड़ वनों का विस्तार राजस्थान के बहुत बड़े क्षेत्र में है। ये वन राजस्थान के 50-100 सेमी. वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं। ये वन राजस्थान के मध्य, दक्षिणी एवं दक्षिणी-पूर्वी भागों में बहुतायत से पाये जाते है।

मिश्रित पर्णपाती वन राजस्थान के दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

उष्ण कटिबंधीय कंटीले वन पश्चिमी मरुस्थलीय शुष्क व अर्द्ध-शुष्क प्रदेशों में पाये जाते हैं।

उपोष्ण पर्वतीय वन केवल आबू पर्वतीय क्षेत्र में पाए जाते है।

**140. राजस्थान में निम्नलिखित में से किन वन्यजीव पारिस्थितिक - स्थलों पर वर्तमान में जैव विविधता एवं जीनपूल संरक्षण का कार्य प्रगति पर है?**

(A) बूँदी, ताल छापर, फुलवारी की नाल, बन्धबरेठा
(B) नाहरगढ़, सज्जनगढ़, सरिस्का, माउण्ट आबू
(C) केवलादेव घना, जयसमन्द झील, मुकन्दरा पहाड़ी, रणथम्भौर
(D) सीतामाता, कुंभलगढ़, कैलादेवी, केवलादेव घना **[B]**

**व्याख्या**—प्रश्नगत पूछे गये वर्ष के अनुसार राजस्थान में नाहरगढ़, सज्जनगढ़, सरिस्का एवं माउण्ट आबू वन्यजीव पारिस्थितक स्थलों पर जैव विविधता एवं जीनपूल संरक्षण का कार्य प्रगति पर था।

**141. राजस्थान के वे जिले जिनमें खस नाम की सुगन्धित घास प्रचुरता से उगती है—**

(A) झालावाड़, बूँदी, कोटा
(B) भीलवाड़ा, अजमेर, चित्तौड़गढ़
(C) भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर
(D) करौली, अलवर, धौलपुर **[C]**

**व्याख्या**—राजस्थान के सवाई माधोपुर, भरतपुर एवं टोंक जिलों में खस नामक सुगन्धित घास प्रचुरता से उगती है। इस घास की जड़ों से सुगन्धित तेल निकाला जाता है। इसका उपयोग इत्र, शर्बत, पेय पदार्थ, शृंगार सामग्री एवं साबुन बनाने में होता है।

**142. राजस्थान में फ्लोरोसिस की समस्या से पीड़ित 'कूबड़पट्टी' क्षेत्र कहाँ स्थित है?**

(A) नागौर-अजमेर (B) बाँसवाड़ा-डूँगरपुर
(C) भरतपुर-अलवर (D) टोंक-दौसा **[A]**

**व्याख्या**—राजस्थान में फ्लोरोसिस की समस्या से पीड़ित 'कूबड़पट्टी' या 'बांका पट्टी' क्षेत्र नागौर, अजमेर में स्थित है। उल्लेखनीय है कि इन जिलों के कुछ क्षेत्रों में भूगर्भीय पानी में फ्लोराइड अत्यधिक होने के कारण वहाँ के निवासियों में टेढ़ापन आ जाता है एवं पीठ झुक जाती है इसलिए इसे कूबड़ पट्टी कहा जाता है।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

# प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा

# प्रैक्टिस पेपर-1

**कुल प्रश्न : 100** | **समय : 120 मिनट** | **कुल अंक : 100**

प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 ऋणात्मक अंक (Negative Marking) काटे जाएंगे।

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. आजादी के समय आज के राजस्थान में कितनी रियासतें थी? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनेः)**
(A) 15 (B) 17 (C) 19 (D) 21

**2. निम्नांकित में से किस स्थान से 1885 में अंग्रेज़ी साप्ताहिक पत्र राजस्थान टाइम्स प्रकाशित होना शुरू हुआ?**
(A) जोधपुर (B) अजमेर (C) जयपुर (D) उदयपुर

**3. राजस्थान के किसान आन्दोलन के संदर्भ में निम्नांकित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**
(A) साधु सीताराम दास — बिजौलिया किसान आन्दोलन
(B) रामनारायण चौधरी — बेगूं किसान आन्दोलन
(C) भोजी लम्बरदार — घड़साना किसान आन्दोलन
(D) चौधरी यासीन खान — मेव किसान आन्दोलन

**4. राजपूताना की अंतिम रियासत कौन-सी थी, जिसने ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी की अधीनता को स्वीकार किया?**
(A) कोटा (B) उदयपुर (C) सिरोही (D) जोधपुर

**5. कोट-ड़ीगी सभ्यता का सम्बन्ध रहा है?**
(A) हड़प्पा पूर्व की सभ्यता से (B) चीन की सभ्यता से
(C) मिस्र की सभ्यता से (D) सुमेरिया की सभ्यता से

**6. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कर नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए—**

| **सूची-I (हवाई अड्डे)** | **सूची-II (जिला)** |
|---|---|
| a. नाल हवाई अड्डा | 1. उदयपुर |
| b. महाराणा प्रताप हवाई अड्डा | 2. श्रीगंगानगर |
| c. रातानाडा हवाई अड्डा | 3. बीकानेर |
| d. लालगढ़ हवाई अड्डा | 4. जोधपुर |

| **कूट—** | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**7. 'बोरला' नामक आभूषण महिलाएँ कहाँ पहनती हैं?**
(A) कान (B) नाक (C) हाथ (D) सिर

**8. नीचे दो कथन दिए गए हैं—**
**कथन-I :** काली मिट्टी राजस्थान के कोटा, बूंदी, बाराँ और झालावाड़ जिलों में पाई जाती है।
**कथन-II :** काली मिट्टी में नाइट्रोजन तो पर्याप्त मात्रा में होती है परन्तु कैल्शियम की कमी होती है।
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें—**
(A) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(B) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है ।
(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

**9. कोपेन द्वारा प्रस्तुत जलवायु प्रदेशों में से राजस्थान में कौन-सा सुमेलित नहीं है?**
(A) Aw–दक्षिणी राजस्थान (B) Cwg–उत्तरी राजस्थान
(C) BWhw–शुष्क मरुस्थल (D) BShw–अर्द्ध शुष्क मरुस्थल

**10. राजस्थान के निम्नलिखित बांधों में से कौन सा बांध चंबल नदी पर नहीं है?**
(A) गाँधी सागर बांध (B) राणा प्रताप सागर बांध
(C) कोटा बैराज (D) रामगढ़ बांध

**11. गोविन्द गिरि की गतिविधियों का केन्द्र 1911 एवं 1912 में ...... था।**
(A) ईडर (B) सूंथ (C) बेड़सा (D) खेड़ा

**12. ए.जी.जी जॉर्ज पैट्रिक लॉरेन्स की सेना को आउवा के निकट 18 सितम्बर, 1857 को क्रांतिकारियों ने किस स्थान पर परास्त किया—**
(A) बिथौड़ा (B) डूँगला (C) चेलावास (D) कुआड़ा

**13. निम्नलिखित में से सही मिलान का चयन करें।**
(A) गलताजी मंदिर — अजमेर जिला
(B) सालासर बालाजी मंदिर — चूरू जिला
(C) एकलिंगजी मंदिर — जयपुर जिला
(D) मेंहदीपुर बालाजी मंदिर — बूँदी

**14. बच्छावतों, रामपुरिया, गुलेच्छा, सेठिया की हवेलियाँ राजस्थान में कहाँ स्थित हैं?**
(A) जैसलमेर (B) सीकर (C) जोधपुर (D) बीकानेर

**15. कर्नल जेम्स टॉड ने निम्न में से किस युद्ध को 'मेवाड़ के इतिहास का मेरेथॉन' कहा है—**
(A) हल्दीघाटी का युद्ध (B) कुंभलगढ़ का युद्ध

# प्रैक्टिस पेपर-2

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान की व्याख्या

**1. आजादी के पूर्व नॉन सैल्यूट स्टेट ठिकाने कौनसे थे?**
(A) लावा (B) कुशलगढ़
(C) नीमराणा (D) उपर्युक्त सभी

**2. चोल, निकोल, पट्टा, दुकूल, चोरसो .......... के विभिन्न नाम हैं।**
(A) अंगरखा (B) ओढ़नी (C) चोली (D) घाघरा

**3. राजस्थान का रेल नेटवर्क किस रेलवे जोन के अंतर्गत आता है?**
(A) उत्तर रेलवे (B) पश्चिम रेलवे
(C) उत्तर-पश्चिम रेलवे (D) मध्य रेलवे

**4. मरुस्थलीय मृदा के बारे में सबसे असत्य कथन का चयन करें।**
(A) मरुस्थलीय मृदा पवनों के द्वारा विस्थापित हो जाती है।
(B) इसमें उर्वरता की कमी लेकिन अधिक लवणता बनी रहती है।
(C) बेर, सहजन तथा करौंदा मरुस्थलीय मृदा के सुधार में उत्तम माने जाते हैं।
(D) मरुस्थलीय मृदा पूर्वी राजस्थान में पायी जाती है।

**5. निम्नांकित में से कौनसा कारक राजस्थान की जलवायु को निर्धारित करने के लिए उत्तरदायी नहीं है?**
(A) तापमान (B) समुद्र से दूरी
(C) प्रचलित पवनें (D) वर्षा का समान वितरण

**6. निम्न में से कौनसी नदी तोरावाटी बेसिन में प्रवाहित होती है?**
(A) काकनी (B) कान्तली
(C) बाणगंगा (D) गंभीरी

**7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :**

| **सूची-I: झील** | **सूची-II: स्थित / के निकट** |
|---|---|
| (a) जयसमंद झील | (i) डीडवाना-कुचामन |
| (b) सांभर झील | (ii) बालोतरा |
| (c) डीडवाना झील | (iii) सलूम्बर |
| (d) पचपदरा झील | (iv) जयपुर, अजमेर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :**
(A) (a) - (iii), (b) - (iv), (c) - (i), (d)-(ii)
(B) (a) - (i), (b ) - (iv), (c) - (iii), (d) - (ii)
(C) (a) - (iv), (b) - (ii), (c) - (i), (d)- (iii)
(D) (a) - (ii), (b ) - (iv), (c) - (iii), (d) - (i)

**8. राजस्थान का दक्षिणतम अक्षांश क्या है?**
(A) 23°3' दक्षिणी (B) 23°30' दक्षिणी
(C) 23°3' उत्तरी (D) 23°30' उत्तरी

**9. अरावली की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है—**
(A) गुरुशिखर (B) सेरगढ़ (C) अचलगढ़ (D) तारागढ़

**10. कितने भारतीय राज्य राजस्थान के साथ अपनी सीमा साझा करते हैं?**
(A) 10 (B) 7 (C) 5 (D) 12

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा "जीवाश्म पार्क" है?**
(A) आकल वुड (B) केवलादेव घाना
(C) सरिस्का (D) रणथम्भौर

**12. नवीनतम वन रिपोर्ट-2023 के अनुसार राज्य में सर्वाधिक व न्यूनतम वन क्षेत्र प्रतिशत वाले जिले क्रमशः है?**
(A) प्रतापगढ़ व चूरू (B) उदयपुर व चूरू
(C) सिरोही व जैसलमेर (D) करौली व बीकानेर

**13. टॉडगढ़ रावली वन्य जीव अभयारण्य............ में स्थित है।**
(A) असम (B) पश्चिम बंगाल
(C) छत्तीसगढ (D) राजस्थान

**14. डेगाना खानें राजस्थान के किस जिले में स्थित हैं?**
(A) डूँगरपुर (B) नागौर (C) उदयपुर (D) राजसमंद

**15. राजस्थान में बेरिलियम के प्रमुख उत्पादक जिले हैं—**
(A) जोधपुर और नागौर (B) जयपुर और उदयपुर
(C) दौसा और सवाई माधोपुर (D) बाराँ और करौली

**16. इंदिरा गांधी नहर निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में समाप्त होती है?**
(A) जोधपुर (B) जैसलमेर (C) भरतपुर (D) उदयपुर

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा (गौवंश की नस्ल-राजस्थान में क्षेत्र) सही सुमेलित नहीं है?**
(A) कांकरेज – दक्षिणी पूर्वी
(B) राठी – उत्तर पश्चिमी
(C) थारपारकर – पश्चिमी
(D) गिर – मध्यवर्ती और दक्षिणी पूर्वी

**18. .......... राजस्थान की 'चौका प्रणाली' का मुख्य उद्देश्य है:**
(A) मधुमक्खी पालकों को सहयोग करना
(B) पशु पालन को बढ़ाना
(C) पानी की कम उपलब्धता वाले क्षेत्रों में पानी के संसाधनों का प्रबंधन करना
(D) राजस्थान में भोजन प्रणाली का प्रबंधन करना

**19. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए—**

| **पशु** | **नस्ल** |
|---|---|
| **a. ऊँट** | **i. राठी** |
| **b. भेड़** | **ii. बीकानेरी** |
| **c. बकरी** | **iii. मगरा** |
| **d. गाय** | **iv. झखराना** |

| **कूट :** | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | iv | iii | ii | i |

# प्रैक्टिस पेपर-3

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. तारा शर्मा निम्न में से किस नृत्य की प्रसिद्ध कलाकार हैं?**
(A) भवाई (B) तेरह ताली
(C) कच्छी घोड़ी (D) गैर

**2. जानकीलाल किस लोक-कला से संबंधित है?**
(A) नौटंकी (B) फड़ (C) तमाशा (D) बहरुपिया

**3. मीराबाई की प्रसिद्ध रचना है—**
(A) गीतावली (B) विनयपत्रिका
(C) पदावली (D) ब्रजराज

**4. डूँगजी-जवाहरजी किस जिले के थे?**
(A) जयपुर (B) जोधपुर (C) सीकर (D) अजमेर

**5. मत्स्य संघ का कौनसा राज्य जनता के बहुमत के आधार पर उत्तर प्रदेश के साथ विलीनीकरण के लिए तैयार था—**
(A) भरतपुर (B) करौली
(C) धौलपुर (D) अलवर

**6. उदयपुर में 'देशहितैषणी सभा' का गठन किसने किया—**
(A) महाराणा शम्भू सिंह (B) महाराणा सज्जन सिंह
(C) महाराणा अजीत सिंह (D) महाराणा जसवंत सिंह

**7. किस समाचार पत्र के माध्यम से विजय सिंह पथिक ने बिजौलियाँ किसान आंदोलन को भारत में चर्चित बनाया—**
(A) प्रताप (B) दैनिक नवज्योति
(C) लोक वाणी (D) प्रभात

**8. भील क्षेत्र में 'बावजी' के नाम से जाने जाते हैं—**
(A) श्री माणिक्यलाल वर्मा (B) मोतीलाल तेजावत
(C) भोगीलाल पाण्ड्या (D) उक्त कोई नहीं

**9. भरतपुर एवं अलवर ने 'ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी' के साथ संधियाँ की थी—**
(A) मार्च-मई, 1806 में (B) सितम्बर-नवम्बर, 1803 में
(C) अगस्त-अक्टूबर, 1804 में (D) जनवरी-फरवरी, 1804 में

**10. राजस्थान के इन क्षेत्रों में से कौन सा 'शुष्क उत्तर पश्चिमी मैदान' का एक भाग है?**
(A) उत्तर पश्चिमी बीकानेर (B) बाड़मेर
(C) गंगानगर (D) हनुमानगढ़

**11. अरावली के निम्नलिखित शिखरों में से सबसे नीचा शिखर कौन सा है—**
(A) कुंभलगढ़ (B) सज्जनगढ़
(C) तारागढ़ (D) रघुनाथगढ़

**12. राजस्थान संघ (वर्तमान राजस्थान) का दूसरा चरण किस तिथि को गठित हुआ?**
**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:**
(A) 17 मार्च 1948 (B) 25 मार्च 1948
(C) 18 अप्रैल 1948 (D) 30 मार्च 1949

**13. रामगंज मंडी, जिसे धनिया शहर के नाम से जाना जाता है, निम्नलिखित में से राजस्थान के किस शहर के नजदीक स्थित है?**
(A) जोधपुर (B) उदयपुर (C) श्रीगंगानगर (D) कोटा

**14. राजस्थान में वर्ष 2007-08 में प्रारम्भ किए गए गेहूँ और दालों के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.) के लिए GOZ एवं GOR के खाने के पैटर्न का अनुपात क्या है?**
(A) 60 : 40 (B) 50 : 50
(C) 70 : 30 (D) 80 : 20

**15. महाकवि माघ द्वारा रचित 'शिशुपाल वध' किस शताब्दी की रचना है?**
(A) 8वीं (B) 6वीं (C) 11वीं (D) 12वीं

**16. निम्नांकित में से किस हिन्दी माह में गणगौर मनाई जाती है?**
(A) फाल्गुन (B) चैत्र (C) श्रावण (D) भाद्रपद

**17. पंजाब शाह का उर्स कहाँ मनाया जाता है?**
(A) अलवर (B) हनुमानगढ़ (C) अजमेर (D) गंगानगर

**18. 'पिछवाई पेंटिंग' किस कला विद्यालय से संबंधित है?**
(A) किशनगढ़ (B) नाथद्वारा
(C) बूँदी (D) कोटा

**19. बीकानेर की गायिका अल्लाहजिलाई बाई किस राग गाने के लिए प्रसिद्ध थीं ?**
(A) बसंती (B) जैजेवंती (C) मल्हार (D) माण्ड

**20. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।**

| सूची-I (लोककला) | सूची-II (सामग्री) |
|---|---|
| (a) कावड़ | (i) पेपर |
| (b) फड़ | (ii) रंग |
| (c) पाने | (iii) कपड़ा |
| (d) मांडना | (iv) लकड़ी |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) (a-iv) (b-iii) (c-i) (d-ii)
(B) (a-ii) (b-i) (c-iv) (d-iii)
(C) (a-i) (b-ii) (c-iii) (d-iv)
(D) (a-iii) (b-iv) (c-ii) (d-i)

**21. निम्नलिखित में से कौनसी रेडक्लिफ रेखा के रूप में जानी जाती है?**
(A) भारत-नेपाल सीमा (B) भारत-पाकिस्तान सीमा
(C) भारत-अफगानिस्तान सीमा (D) भारत-म्यांमार सीमा

**22. सेवन, धमन और कराड़ _______ हैं।**
(A) लोक नृत्य के प्रकार (B) मरुस्थल मृदा
(C) घास के प्रकार
(D) राजस्थानी चित्रकला (पेंटिंग्स) रूप के प्रकार

**23. राजस्थान में तालछापर वन्यजीव अभयारण्य ....... में स्थित है?**
(A) बूंदी (B) चूरू (C) सिरोही (D) जयपुर

# प्रैक्टिस पेपर-4

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. राजस्थान के किस क्षेत्र में मालवा पठार का विस्तार है—**
(A) दक्षिण-पूर्वी (B) पूर्वी
(C) दक्षिण-पश्चिमी (D) उत्तर-पूर्वी

**2. अरावली की निम्नलिखित पर्वत चोटियों को उनकी ऊँचाई के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए—**
(A) कुंभलगढ़-जरगा-रघुनाथगढ़-अचलगढ़
(B) अचलगढ़-कुंभलगढ़-रघुनाथगढ़-जरगा
(C) रघुनाथगढ़-कुंभलगढ़-अचलगढ़-जरगा
(D) जरगा-अचलगढ़-कुंभलगढ़-रघुनाथगढ़

**3. राजस्थान का उत्तर-दक्षिण विस्तार है—**
(A) 826 किमी (B) 869 किमी
(C) 970 किमी (D) 1070 किमी

**4. निम्नलिखित में से कौनसा अभयारण्य राजस्थान में स्थित नहीं है?**
(A) मानस (B) सीता माता (C) शेरगढ़ (D) रामसागर

**5. रामगढ़ विषधारी वन्य जीव अभयारण्य राजस्थान के निम्नलिखित में से किस स्थान में स्थित है ?**
(A) बूँदी (B) जयपुर (C) चूरू (D) भरतपुर

**6. राज्य में संगमरमर का सर्वाधिक उत्पादन होता है—**
(A) उदयपुर में (B) राजसमंद में
(C) डूँगरपुर में (D) नागौर में

**7. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—**

| खनिज पदार्थ | क्षेत्र |
|---|---|
| (a) कॉपर | (i) झामर कोटड़ा |
| (b) जिप्सम | (ii) राजपुरा-दरीबा |
| (c) सीसा और जस्ता | (iii) खोह-दरीबा |
| (d) रॉक फॉस्फेट | (iv) जामसर |

(A) a–i, b–ii, c–iv, d–iii (B) a–iii, b–iv, c–i, d–ii
(C) a–iii, b–iv, c–ii, d–i (D) a–iv, b–i, c–iii, d–ii

**8. इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण में निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र शामिल नहीं था ?**
(A) बाड़मेर (B) गंगानगर (C) हनुमानगढ़ (D) बीकानेर

**9. राजस्थान में 'कांकरेज' नस्ल का प्रमुख केन्द्र है—**
(A) अजमेर (B) जालौर (C) गंगानगर (D) झालावाड़

**10. निम्नलिखित में से किन दो राज्यों में माही परियोजना एक संयुक्त योजना है?**
(A) राजस्थान-मध्य प्रदेश (B) राजस्थान-पंजाब
(C) राजस्थान-गुजरात (D) राजस्थान-हरियाणा

**11. राजस्थान पशुधन की दृष्टि से समृद्ध है, यहाँ देश के कुल पशुधन का कितना प्रतिशत पशुधन पाया जाता हैं ?**
(A) 10.27% (B) 10.88%
(C) 10.60% (D) 12.27%

**12. 30 मार्च 1949, को संयुक्त ग्रेटर राजस्थान (United State of Greater Rajasthan) का औपचारिक उद्घाटन किसके द्वारा किया गया था?**
(A) महात्मा गाँधी (B) हीरालाल शास्त्री
(C) सरदार वल्लभभाई पटेल (D) खान अब्दुल गफ्फार खान

**13. 'मत्स्य संघ' के प्रधानमंत्री थे—**
(A) माणिक्य लाल वर्मा (B) हीरालाल शास्त्री
(C) शोभाराम (D) जय नारायण व्यास

**14. नवीनतम वन रिपोर्ट-2023 के अनुसार राज्य के कुल वन क्षेत्र में सर्वाधिक एवं न्यूनतम वन क्षेत्र वाले जिले क्रमशः है?**
(A) अलवर व हनुमानगढ़ (B) प्रतापगढ़ व जोधपुर
(C) उदयपुर व जोधपुर (D) उदयपुर व चूरू

**15. निम्नांकित में से किस समाचार पत्र का सम्बन्ध विजय सिंह पथिक से नहीं था?**
(A) राजस्थान केसरी (B) नवीन राजस्थान
(C) राजस्थान ज्योति (D) तरुण राजस्थान

**16. निम्नलिखित में से कौन बिजौलिया किसान आन्दोलन से संबंधित द्वितीय जाँच आयोग के सदस्य नहीं थे—**
(A) रमाकान्त मालवीय (B) ठाकुर राजसिंह
(C) मेहता तख्तसिंह (D) बिन्दुलाल भट्टाचार्य

**17. कालीबाई राजस्थान के किस आन्दोलन से सम्बन्धित है?**
(A) बिजौलिया आन्दोलन (B) बेगू आन्दोलन
(C) रास्तापाल आन्दोलन (D) स्वदेशी आन्दोलन

**18. राजस्थान में कब प्रथम कृषि बजट अलग से पेश किया गया? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) 2020-21 (B) 2021-22
(C) 2022-23 (D) 2023-24

**19. निम्न में राजस्थान राज्य में कपास का सबसे अधिक उत्पादन करने वाला जिला है—**
(A) जैसलमेर (B) झुंझुनू
(C) बीकानेर (D) श्री गंगानगर

**20. मोतीलाल मेनारिया के अनुसार वह काव्य ग्रन्थ जिसमें हमें एक राजा की महानता, उनके विजय, युद्ध और वीरता का वर्णन मिलता है कहलाता है:**
(A) विगत (B) रासो
(C) रूपक (D) वेली

**21. राजस्थान की संस्कृति में 'मुगधणा' क्या है—**
(A) माताजी को मेंहदी चढ़ाकर मेहमानों में बाँटना।
(B) वधू को मूँग और घी खिलाना।
(C) लाख की चूड़ियाँ जिसमें चाँदी की कड़ी पिरोई जाती है।

होती है।

**92. (A)** 42वाँ संविधान संशोधन, 1976: इसमें नए नीतिनिर्देश जोड़कर संविधान के भाग-IV में कुछ बदलाव किये गए—
अनुच्छेद 39A : गरीबों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना।
अनुच्छेद 43A : उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी।
अनुच्छेद 48A : पर्यावरण की रक्षा और उसमें सुधार करना।

**93. (A)** समाजवादी, पंथ निरपेक्ष एवं अखंडता को 42वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया है। प्रस्तावना में समाजवादी शब्द को सम्मिलित करके उसे और अधिक स्पष्ट किया गया है। इसमें समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने और आर्थिक विषमता को दूर करने का प्रयास करने के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया है। पंथनिरपेक्ष से तात्पर्य है राज्य धर्म के आधार पर नागरिकों में भेदभाव नहीं करेगा।

**94. (D)** अनुच्छेद 21(A) के तहत प्रारंभिक शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया गया। तथा नीति-निदेशक तत्वों के अनुच्छेद 45 की विषय वस्तु को बदल दिया गया। अनुच्छेद 51(A) में एक नया मौलिक कर्त्तव्य जोड़ा गया। संविधान में यह सभी परिवर्तन 86वें संविधान संशोधन, 2002 द्वारा किए गए थे।

**95. (B)** उष्णकटिबंधीय वर्षा वन वर्ष के उच्च तापमान वाले क्षेत्र में ऊंचे पेड़ों के साथ एक जंगल होते है जहाँ सालाना औसतन 50 से 260 इंच बारिश होती है। उष्णकटिबंधीय वर्षावन अन्य पारिस्थितिकी प्रणालियों की तुलना में अत्यंत उच्च जैव विविधता वाले क्षेत्र हैं।

**96. (C)** मोल्दोवा पूर्वी यूरोप में स्थित एक देश है। इसकी सीमाएँ पश्चिम में रोमानिया और उत्तर, पूर्व और दक्षिण में यूक्रेन से लगती हैं। यह कभी सोवियत संघ का हिस्सा था और 1991 में स्वतंत्रता प्राप्त की। मोल्दोवा की राजधानी चिशिनौ है और यह अपनी वाइनरीज़ और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है।

**97. (D)** मंगल ग्रह का वायुमंडल **मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) से बना होता है**, जो लगभग 95.3% है। इसके अलावा, बहुत कम मात्रा में
- ✧ **नाइट्रोजन (Nitrogen, $N_2$)** – 2.7%
- ✧ **आर्गन (Argon, Ar)** – 1.6%
- ✧ **ऑक्सीजन ($O_2$)** – 0.13%
- ✧ **जल वाष्प (Water Vapor, $H_2O$)** – 0.03% गैसें भी मौजूद हैं
- ✧ यह **पृथ्वी की तुलना में बहुत पतला** है और इसमें ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम होती है।
- ✧ इसकी **घनत्व पृथ्वी के वायुमंडल से लगभग 100 गुना कम** है, मंगल ग्रह पर तापमान बहुत ठंडा होता है और औसतन -**63°C** रहता है।

## 4. शैक्षणिक मनोविज्ञान की व्याख्या

**98. (A)** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (A) सही है।
- ✧ **भाषा विकास** आयाम नॉम चॉमस्की के सिद्धांतों से प्रभावित हुआ है।
- ✧ भाषाविद् नॉम चामस्की ने एक स्पष्टीकरण दिया है कि मनुष्य में भाषा को सीखने की एक जन्मजात क्षमता होती है। उन्होंने भाषा का सहज प्रस्ताव रखा है।
- ✧ भाषा को नियंत्रित करने वाले नियम जैविक रूप से आधारित मानव भाषा संकाय का भाग है। इसे भाषा अर्जन तंत्र कहा जाता है। यह ज्ञान उन्हें प्रकृति द्वारा दिया जाता है।
- ✧ सहज ज्ञानवादी सिद्धांत : नॉम चॉमस्की द्वारा प्रस्तावित भाषा विकास के सहज ज्ञानवादी सिद्धांत का तर्क है कि भाषा एक अद्वितीय मानवीय उपलब्धि है।

**सिद्धांत की प्रमुख बातें :**
- ✧ जिस दर से बच्चे बिना पढ़ाये शब्द और व्याकरण प्राप्त करते हैं उसे अधिगम के सिद्धांतों द्वारा समझाया जा सकता है।
- ✧ चॉमस्की का मानना है कि भाषा का विकास शारीरिक परिपक्वता की तरह ही होता है। बच्चे को अपर्याप्त देखभाल दी जाती है। यह बस बच्चे के साथ होता है।
- ✧ बच्चे ''सार्वभौमिक व्याकरण के साथ पैदा होते हैं। वे जिस भी भाषा को सुनते हैं उसका व्याकरण आसानी से सीख जाते हैं।''

**99. (A)** आनुवंशिकता का सामान्य नियम प्रगति नहीं है। आनुवंशिकता में गुणों का पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरण होता है, परंतु यह प्रगति का सिद्धांत नहीं है। आनुवंशिकता में रूपांतरण और प्रतीपगमन (रेग्रेसन) जैसे नियम महत्त्वपूर्ण होते हैं, जो आनुवंशिक गुणों के अस्थिरता और स्थिरता को समझाते हैं।
- ❖ **रूपांतरण**—यह आनुवंशिक गुणों में परिवर्तन को दर्शाता है।
- ❖ **प्रतीपगमन**—यह आनुवंशिकता का नियम है जिसमें संतान में कुछ गुण पिछली पीढ़ियों से अलग होते हैं।
- ❖ **जैसे पैदा होता है**—यह आनुवंशिकता का एक सामान्य नियम है, जिसमें संतति अपने पूर्वजों के गुणों के समान गुण रखती है।

**100. (D)** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (D) सही है।
- ✧ बुद्धिमत्ता का संस्कृति-मुक्त-अ-वाचिक परीक्षण प्रोग्रेसिव मैट्रिसज है।

**रैविन कृत प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज टेस्ट :**
- ✧ इस परीक्षण का निर्माण जे.सी. रैविन द्वारा किया गया।
- ✧ इस परीक्षण के दो प्रकार हैं –
  (i) एक बच्चों के लिए, (ii) दूसरा वयस्कों के लिए
- ✧ बच्चों के लिए प्रयोग होने वाले परीक्षण को रंगीन प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज कहा जाता है।
- ✧ वयस्कों के लिए प्रयोग होने वाले परीक्षण को स्टैण्डर्ड प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज कहा जाता है।
- ✧ इसके द्वारा मूलतः अमूर्त चिंतन, तार्किक चिंतन तथा प्रत्यक्षात्मक तीव्रता का मापन होता है।
- ✧ **वेशलर बुद्धि परीक्षण** : वेश्लर एडल्ट इंटेलिजेंस स्केल एक बुद्धिलब्धि परीक्षण है जिसे वयस्कों और बड़े किशोरों में बुद्धि और संज्ञानात्मक क्षमता को मापने के लिए निर्मित किया है।
- ✧ **भाटिया बैटरी परीक्षण** : बुद्धि का एक प्रदर्शन परीक्षण है जिसे सी.एम. भाटिया 1955 में विकसित किया था। इसमें विभिन्न स्वरूप वाले कार्ड शामिल हैं और बच्चों को पेंसिल को उठाए बिना इन स्वरूपों को बनाना आवश्यक है।

**सामूहिक बुद्धि परीक्षण :**
- ✧ आर्मी अल्फा परीक्षण ✧ आर्मी बीटा परीक्षण

# प्रैक्टिस पेपर-5

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. राजस्थान में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी.एम.के.एस.वाई.) वर्ष______ से लागू की गई थी।**
(A) 2015-16 (B) 2017-18
(C) 2019-20 (D) 2020-21

**2. राजस्थान राज्य पर्यावरण नीति प्रथम बार किस वर्ष में घोषित की गई थी?**
(A) 2006 (B) 2008 (C) 2010 (D) 2012

**3. निम्नलिखित पर्यटन केंद्रों में से कौन-सा अजमेर के पास स्थित नहीं है ?**
(A) गुलाब बाग (B) तारागढ़ किला
(C) दौलत बाग (D) आनासागर

**4. बाँसवाड़ा, डूंगरपुर और इसके आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में कौनसी भाषा बोली जाती है?**
(A) हाड़ौती (B) मेवाती
(C) वागड़ी (D) शेखावाटी

**5. निम्नलिखित में से कौन दादू दयाल जी का शिष्य नहीं है?**
(A) सुंदर दास जी (B) गरीबदास जी
(C) रज्जब जी (D) लालदास जी

**6. त्रिपुरा सुंदरी का मंदिर कहाँ स्थित है?**
(A) तनोट (जैसलमेर) (B) भदाना (कोटा)
(C) तलवाड़ा (बांसवाड़ा) (D) अकोला (चित्तौड़गढ़)

**7. सुमेलित कीजिए—**

| **लोक देवता** | **मुख्य तीर्थस्थल** |
|---|---|
| **i. तल्लीनाथ** | **a. पाँचोटा गाँव (जालौर)** |
| **ii. तेजाजी** | **b. परबतसर (डीडवाना–कुचामन)** |
| **iii. देवनारायणजी** | **c. कोलू गाँव ( फलौदी)** |
| **iv. पाबूजी** | **d. आसींद (भीलवाड़ा)** |

**सही कूट चुनिए :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | b | a | d | c |
| (C) | c | d | a | b |
| (D) | a | b | d | c |

**8. पशुगणना–2019 के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा पशु राजस्थान में सर्वाधिक संख्या में पाला जाता है—**
(A) भैंस (B) गाय (C) बकरी (D) भेड़

**9. गजनेर लिफ्ट नहर का नया नाम क्या है?**
(A) पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर
(B) कँवर सेन लिफ्ट नहर
(C) कुम्भाराम लिफ्ट नहर
(D) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर

**10. गींदड़ नृत्य का संबंध राजस्थान के किस क्षेत्र से है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनेः)**
(A) बाड़मेर (B) मेवाड़
(C) मारवाड़ (D) शेखावाटी

**11. पुरिया नामक पात्र हिस्सा है—**
(A) जस्मा ओडेन नृत्य नाटिका का
(B) गवरी नृत्य नाटिका का
(C) भवाई नृत्य का
(D) रम्मत लोक नाट्य का

**12. बैराठ (विराटनगर) में प्रथम उत्खनन किसके नेतृत्व में किया गया था?**
(A) दयाराम साहनी (B) डॉ. एन.आर. बनर्जी
(C) डी.आर. भण्डारकर (D) आर.सी. अग्रवाल

**13. बागोर सभ्यता किस नदी के किनारे पर अवस्थित थी—**
(A) कोठारी नदी (B) लूनी नदी
(C) बनास नदी (D) इनमें से कोई नहीं

**14. किस अभिलेख को कर्नल टॉड द्वारा इंग्लैण्ड ले जाते समय समुद्र में फेंक दिया गया था—**
(A) मंडोर का अभिलेख (B) अपराजित का शिलालेख
(C) मानमोरी का लेख (D) कणसवा का लेख

**15. 'नरमा' राजस्थान की किस फसल से सम्बन्धित है?**
(A) जूट (B) कपास (C) चाय (D) कॉफी

**16. निम्नलिखित में से कौनसा (ग्रंथ–लेखक) सुमेलित नहीं है?**
(A) एकलिंग महाकाव्य — महाराणा कुंभा
(B) प्रबंध चिन्तामणि — मेरुतुंगाचार्य
(C) हम्मीर महाकाव्य — नयनचन्द्र सूरी
(D) प्रबन्ध कोष — हरिसेन

**17. हमसीढ़ों क्या है?**
(A) भील स्त्रियों व पुरुषों का सामूहिक लोकगीत
(B) भील पुरुषों का अंगोछा
(C) भीलों में प्रचलित विवाह की प्रथा
(D) भीलों का मचाननुमा छपरा

**18. विक्रम संवत के अनुसार एक वर्ष में आने वाले निम्नलिखित त्योहारों को क्रम से (प्रारम्भ से अन्त) जमाएँ—**
(1) गणेश चतुर्थी (2) दीपावली
(3) कृष्ण जन्माष्टमी (4) गणगौर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

के तौर पर गेहूँ, जौ, आलू, चना, मसूर, अलसी, मटर व सरसों रबी की प्रमुख फसलें मानी जाती हैं।

**90. (A)** काली मिट्टी या रेगुर मिट्टी का निर्माण बेसाल्ट चट्टानों में प्रधान लावा पदार्थों के विखण्डन से होता है। इस मिट्टी का काला रंग टिटेनीफेरस मैग्नेटाइट एवं जीवांश की उपस्थिति के कारण होता है। इसमें लोहा, चूना, एल्युमीनियम एवं मैग्नेशियम की अधिकता तथा नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं जैविक पदार्थों की कमी होती है। यह मिट्टी सूखने पर सिकुड़ जाती है तथा इसमें दरारें पड़ जाती है। इस कारण काली मिट्टी में स्वतः जुताई का गुण पाया जाता है।

**91. (A)** गंगा नदी भारत का सबसे बड़ा डेल्टा बनाती है। डेल्टा नदी के मुहाने पर बनने वाली नदी की निक्षेपण विशेषता है। ये वेटलैंड्स है, जिसमें नदियाँ अपना जल एवं तलछट किसी अन्य जल निकाय जैसे कि महासागर, झील या दूसरी नदी में प्रवाहित करती है। सुंदरबन डेल्टा भारत का सबसे बड़ा डेल्टा है। यह गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा निर्मित है। उल्लेखनीय है कि गंगा का उद्गम गंगोत्री के निकट गोमुख हिमानी से होता है तथा बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

**92. (D)** भारतीय संविधान में 44वें संविधान संशोधन 1978 के द्वारा सम्पत्ति का अधिकार (अनुच्छेद-31 एवं 19 क) को मौलिक अधिकार की सूची में हटाकर इसे संविधान के भाग-12 में अनुच्छेद-300 (क) के अंतर्गत कानूनी अधिकार के रूप में रखा गया है।

**93. (C)** अनुच्छेद 38 के तहत् लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय द्वारा सामाजिक व्यवस्था सुनिश्चित करना है। जो एक नीति निर्देशक तत्व है।

**94. (A)** लोकपाल भारत में एक भ्रष्टाचार विरोधी सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना 'लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013' के तहत की गई है। इसका मुख्य कार्य लोक सेवकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करना है, और यह प्रधानमंत्री, मंत्रियों, सांसदों व केंद्र सरकार के अधिकारियों सहित विभिन्न लोक सेवकों के खिलाफ शिकायतों की जांच कर सकता है। इस संस्था का उद्देश्य शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है। यह एक स्वतंत्र संस्था है जो बिना किसी सरकारी दबाव के काम करती है, और इसमें एक अध्यक्ष व अधिकतम आठ सदस्य होते हैं। यह केंद्र स्तर पर भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है।

**95. (D)** क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर अंकोरवाट (कम्बोडिया) है। इसका क्षेत्रफल 163 हेक्टेयर है। इस मंदिर का पुराना नाम 'यशोधरपुर' था। इसका निर्माण सम्राट सूर्यवर्मन द्वितीय के शासनकाल में हुआ था।

**96. (B)** उष्णकटिबंधीय वर्षा वन वर्ष के उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में ऊँचे पेड़ों के साथ एक जंगल होते हैं जहाँ सालाना औसतन 50 से 260 इंच बारिश होती है। बोर्नियों के सामयिक वर्षा वनों में, वैज्ञानिकों ने ऑर्किड की 2,500 प्रजातियों सहित 15,000 से अधिक पौधों की प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया है।

**97. (A)** भूमध्यसागरीय जलवायु प्रदेश का विस्तार भूमध्य रेखा के दोनों ओर लगभग 30° से 45° अक्षांशों के मध्य महाद्वीपों के पश्चिमी भाग में पाया जाता है। भूमध्य सागर में विकसित होने के कारण इसका नाम भूमध्य सागरीय जलवायु रखा गया है। इस प्रकार की जलवायु में ग्रीष्म ऋतु शुष्क रहती है। तापमान अपेक्षाकृत अधिक तथा असमान साफ होता है। वही शीत ऋतु में वर्षा होती है।

## 4. शैक्षणिक मनोविज्ञान की व्याख्या

**98. (D)** व्यावसायिक चयन में संज्ञानात्मक योग्यताओं में अंतर व्यक्ति की कार्यक्षमता, तर्क शक्ति, समस्या समाधान क्षमता और अन्य मानसिक क्षमताओं में अंतर को समझने में सहायक होता है।

- ❖ **स्वभावगत प्रवृत्तियाँ**—स्वभाव भी चयन में सहायक हो सकता है, परंतु व्यावसायिक योग्यता में यह मुख्य भूमिका में नहीं है।
- ❖ **सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में अंतर**—यह व्यक्तिगत निर्णयों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन यह व्यावसायिक चयन का मुख्य कारण नहीं है।
- ❖ **अभिक्षमता में अंतर**—यह वैयक्तिक योग्यता है, परंतु संज्ञानात्मक योग्यताओं की तुलना में कम महत्त्वपूर्ण हो सकता है।

**99. (A)** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (A) सही है।

- ✧ मानसिक विमंदित पद बौद्धिक अयोग्यता के साथ प्रतिस्थापित किया गया है।

**मानसिक विमंदित बालक :**

- ✧ मानसिक विमंदित बालक से तात्पर्य उन बालकों से है जिनकी मानसिक योग्यता एवं बुद्धिलब्धि का स्तर सामान्य बालकों से कम होता है।
- ✧ इस प्रकार के बालकों की बुद्धि लब्धि (IQ) का स्तर भी सामान्यतः 70 से कम होता है।
- ✧ इस प्रकार के बालकों की समायोजन क्षमता भी न्यून होती है। यह सामाजिक और संवेगात्मक रूप से समायोजन करने में कठिनाई अनुभव करते हैं।
- ✧ इस प्रकार के बालक सीखे हुए कौशलों को नई परिस्थितियों में प्रयोग करने में कठिनाई महसूस करते हैं।
- ✧ इस प्रकार के बालकों में सामाजिक विकास, अभिप्रेरणात्मक स्तर भी निम्न होता है।
- ✧ इस प्रकार के बालकों में संज्ञानात्मक/मानसिक दुर्बलता का होना एक आवश्यक घटक है।

**100. (B)** प्रतिभाशाली बच्चों के लिए उपचारात्मक अध्यापन (Remedial Teaching) प्रासंगिक नहीं है। यह मुख्य रूप से उन छात्रों के लिए होता है जिन्हें सीखने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रतिभाशाली बच्चों के लिए पाठ्यक्रम की समृद्धि, श्रेणी उन्नति, और विशेष कक्षाओं का प्रावधान अधिक उपयुक्त होता है।

- ❖ **पाठ्यक्रम की समृद्धि**—यह प्रतिभाशाली बच्चों की अतिरिक्त सीखने की आवश्यकताओं को पूरा करने का एक तरीका है।
- ❖ **श्रेणी उन्नति**—यह प्रतिभाशाली बच्चों को जल्दी से आगे बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।
- ❖ **विशेष कक्षाएं**—यह प्रतिभाशाली बच्चों के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण वातावरण प्रदान करती हैं।

# प्रैक्टिस पेपर-7

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. कौनसे कार्यक्रमों का अकाल-राहत से सीधा संबंध है?**
(A) मरुस्थलीय विकास कार्यक्रम
(B) सूखा संभाव्य क्षेत्रीय कार्यक्रम
(C) नरेगा
(D) मरुस्थलीय विकास कार्यक्रम और सूखा संभाव्य क्षेत्रीय कार्यक्रम दोनों

**2. उदयपुर का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल "सहेलियों की बाड़ी" किसके द्वारा बनवाया गया था।**
(A) महाराणा शंभू सिंह-I (B) महाराणा संग्राम सिंह-II
(C) महाराजा सूरजमल (D) महाराजा उदय सिंह

**3. गौड़वाड़ी क्या है?**
(A) मारवाड़ी की उपबोली (B) मेवाड़ी की उपबोली
(C) मालवी की उपबोली (D) बागड़ी की उपबोली

**4. किस समाज सुधारक ने अपने शिष्यों से उन्तीस नियमों का पालन करने हेतु जोर दिया—**
(A) पीपा जी (B) जम्भो जी
(C) दादूदयाल जी (D) जसनाथ जी

**5. अलवर क्षेत्र की लोकदेवी के रूप में किसे मान्यता प्राप्त है?**
(A) जिलाणी माता (B) सुगाली माता
(C) लटियाल माता (D) सच्चिया माता

**6. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| | लोक देवता | | मुख्य स्थल |
|---|---|---|---|
| (A) | गोगाजी | — | गोगामेडी |
| (B) | मल्लीनाथ | — | पिचियाक |
| (C) | पाबूजी | — | कोलू |
| (D) | तेजाजी | — | परबतसर |

**7. गंगानगर-अगेती.............की फसल है।**
(A) गेहूँ (B) कपास (C) किन्नू (D) चावल

**8. राजस्थान में कृषि क्षेत्र में पशु पालन का लगभग ........ हिस्से का योगदान है।**
(A) 1/4 वां (B) 1/3 वां
(C) 3/4 वां (D) 1/5 वां

**9. गलत युग्म चुनिए—**
(A) द्वारकानाथ भट्ट – राग चंद्रिका
(B) दलपत – खुमाण रासो
(C) कुम्भा – संगीत राज
(D) विजयदान देथा – आशाघर

**10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।**

| सूची-I (मेला ) | सूची -II (स्थान) |
|---|---|
| (a) करणी माता | (i) कोलायत |
| (b) श्री महावीर जी | (ii) डिग्गी |
| (c) कपिलमुनि | (iii) देशनोक |
| (d) कल्याण जी | (iv) करौली |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) (a) - (iii), (b) - (iv), (c) - (i), (d) - (ii)
(B) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (iv), (d) - (ii)
(C) (a ) - (ii), (b) - (i), (c) -(iii), (d) - (iv)
(D) (a)-(iv), (b)-(ii), (c) - (i), (d)-(iii)

**11. निम्न में से किस जिले में वन का क्षेत्रफल सबसे अधिक है?**
(A) उदयपुर (B) प्रतापगढ़ (C) सिरोही (D) अलवर

**12. बबूल, खैर और खेजड़ी प्रजाति के वृक्ष निम्नलिखित में से किस वन क्षेत्र में पाए जाते हैं?**
**निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:**
(A) पर्वतीय वन
(B) उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन
(C) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
(D) तटीय व दलदली वन

**13. राजस्थान के किस मृगवन को ग्रामीण चेतना केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है?**
(A) अमृता देवी मृगवन (B) संजय उद्यान मृगवन
(C) सज्जनगढ़ मृगवन (D) अशोक विहार मृगवन

**14. राजस्थान में सर्वाधिक प्रयोग में लिया जाने वाला इमारती पत्थर है?**
(A) बालुका पत्थर (B) ग्रेनाइट
(C) संगमरमर (D) इनमें से कोई नहीं

**15. राजस्थान में प्रमुख ग्रेनाइट उत्पादक जिला समूह है?**
(A) जयपुर, पाली, टोंक, सीकर, उदयपुर
(B) बाँसवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा
(C) जालौर, बाड़मेर, सिरोही, राजसमंद, भीलवाड़ा
(D) सीकर, पाली, सिरोही, जयपुर, झुंझुनूं

**16. निम्न में से राजस्थान के कौन-से भाग में थारपारकर गाय पाई जाती है?**
(A) दक्षिणी-पश्चिमी (B) उत्तर-पश्चिमी
(C) मध्य अरावली (D) पश्चिमी

**17. चम्बल परियोजना जिस राज्यों की संयुक्त परियोजना है, वे हैं—**
(A) राजस्थान और हरियाणा (B) राजस्थान और पंजाब
(C) राजस्थान और गुजरात (D) राजस्थान और मध्य प्रदेश

**18. ऊँट अनुसंधान केन्द्र स्थित है—**
(A) बाड़मेर में (B) बीकानेर में
(C) जालोर में (D) श्रीगंगानगर में

**19. इंदिरा गांधी नहर राजस्थान के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में अवस्थित है?**

# प्रैक्टिस पेपर-8

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. राजस्थान में, किसी महिला द्वारा दांतों के बीच सोने की कील लगाना कहलाता है—**
(A) दामना (B) बोरला (C) चूंप (D) बारी

**2. 'काजरी' अवस्थित है—**
(A) जैसलमेर में (B) जोधपुर में
(C) जालौर में (D) बाड़मेर में

**3. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से करिए—**

| | **पर्यटन केन्द्र** | | **जिला** |
|---|---|---|---|
| (a) | जसवन्त थड़ा | (i) | उदयपुर |
| (b) | लालगढ़ महल | (ii) | बूँदी |
| (c) | फूल सागर महल | (iii) | जोधपुर |
| (d) | जगदीश मंदिर | (iv) | बीकानेर |

**कूट—**
(A) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(D) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

**4. प्रतापगढ़, अजबगढ़, थानागाजी और बलदेव गढ़ में बोली जाने वाली भाषा है—**
(A) नहेड़ा मेवाती (B) कठेर मेवाती
(C) भयाना मेवाती (D) आरेज मेवाती

**5. तुरताई माता जिसका मंदिर तलवाड़ा (बांसवाड़ा) में स्थित है, उन्हें किस और नाम से भी जाना जाता है?**
(A) गजलक्ष्मी (B) महाकाली
(C) त्रिपुरा सुन्दरी (D) आवरी माता

**6. कोलू गाँव किस लोक देवता से संबंधित है?**
(A) पाबूजी (B) रामदेव जी
(C) देवनारायण जी (D) तल्लीनाथ जी

**7. धन्ना किसका शिष्य था?**
(A) कबीर (B) पीपा
(C) रामानन्द (D) दादूदयाल

**8. उत्तर-दक्षिण गलियारा राजस्थान के किस जिले से गुजरता है?**
(A) जयपुर (B) दौसा
(C) धौलपुर (D) सवाई माधोपुर

**9. कोटा, बूँदी, झालावाड़ में कौनसी मृदा पाई जाती है?**
(A) लाल एवं पीली मृदा (B) मरुस्थली मृदा
(C) लाल एवं काली मिश्रित मृदा (D) मध्यम काली मृदा

**10. निम्नलिखित में से कौन सा कथन, राजस्थान के शरदीय मानसून के संदर्भ में सही नहीं है?**
(A) हिमालय के उत्तर में एक अत्यधिक विकसित दबाव केंद्र सर्दियों में वर्षा को प्रभावित करता है।
(B) समुद्री उच्च दबाव क्षेत्र से स्थलीय निम्न दबाव क्षेत्र की ओर हवाएँ चलने लगती हैं, जिससे बारिश होती है।
(C) स्थलीय उत्पत्ति के कारण हवाएँ शुष्क होती हैं, जिससे वर्षा प्रभावित होती है।
(D) इस अवधि में कुछ हवाएँ भूमध्यसागरीय चक्रवातों के सम्पर्क में आने के बाद वर्षा लाती हैं।

**11. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**

| | **नदी** | | **सहायक नदी** |
|---|---|---|---|
| (A) | चम्बल | — | बनास |
| (B) | बनास | — | बेड़च |
| (C) | माही | — | साबरमती |
| (D) | लूनी | — | सूकड़ी |

**12. राजस्थान का निम्नलिखित में से कौन सा बांध जलविद्युत शक्ति का उत्पादन करता है ?**
(A) स्वरूप सागर बांध (B) माही बजाज सागर बांध
(C) मेजा बांध (D) जवाई बांध

**13. निम्नलिखित में से कौन भारतीय पुरातत्वविद कालीबंगा के खोजकर्ता हैं?**
(A) ए.घोष (B) आर.डी.बनर्जी
(C) जी.एच.ओझा (D) एच.डी.सांकलिया

**14. किस प्राचीन सभ्यता केन्द्र को ताम्रवती नाम से भी जाना जाता है?**
(A) कालीबंगा (B) बैराठ (C) गणेश्वर (D) आहड़

**15. राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र स्थित है—**
(A) तबीजी, अजमेर में (B) लालगढ़, बीकानेर में
(C) सेवर, भरतपुर में (D) दुर्गापुरा, जयपुर में

**16. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन सा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण 'ईसबगोल' उत्पादक क्षेत्र है?**
(A) बाड़मेर (B) जोधपुर
(C) जयपुर (D) कोटा

**17. 'धरती धोरां रि' गाने के गीतकार (लेखक) कौन हैं?**
(A) कन्हैयालाल सेठिया (B) विजयदान देथा
(C) अल्लाह जिलाई बाई (D) गवरी देवी

**18. 'तूंगा युद्ध' किनके मध्य लड़ा गया—**
(A) प्रताप सिंह और महादजी सिंधिया
(B) राघोबा और जसवन्त सिंह
(C) जयसिंह और महादजी सिंधिया
(D) भीमसिंह और महादजी सिंधिया

**19. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए**

| **सूची-I (छतरी)** | **सूची-II (स्थान)** |
|---|---|
| a. सवाई जय सिंह की छतरी | I. अलवर |
| b. मूसी रानी की छतरी | II. रामगढ़ |
| c. गोपाल सिंह की छतरी | III. गैटोर |
| d. सेठों की छतरी | IV. करौली |

# प्रैक्टिस पेपर-9

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. जोधपुर में 1929 में किसके नेतृत्व में मारवाड़ हितकारिणी सभा स्थापित हुई?**
(A) जयनारायण व्यास (B) शोभाराम
(C) रामजीलाल अग्रवाल (D) मास्टर भोलानाथ

**2. अकाल के लिए प्रसिद्ध दोहे में 'पग पूंगल' के नाम से राजस्थान के कौनसे जिले की ओर संकेत किया गया है?**
(A) जोधपुर (B) नागौर (C) गंगानगर (D) बीकानेर

**3. राजस्थान के धार्मिक स्थलों के संबंध में निम्न में से कौनसा युग्म असत्य है?**
(A) रानी भटियानी मंदिर — बाड़मेर
(B) पांडुपोल हनुमानजी मंदिर — अलवर
(C) मलिक शाह मस्जिद — डूंगरपुर
(D) त्रिपुरा सुंदरी मंदिर — बांसवाड़ा

**4. पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के सभापति कौन हैं?**
(A) राजस्थान के राज्यपाल (B) उदयपुर के संभागीय आयुक्त
(C) राजस्थान के पर्यटन मंत्री (D) राजस्थान के मुख्यमंत्री

**5. 'वागड़ की मीरा' के नाम से कौन प्रसिद्ध है?**
(A) राणा बाई (B) कर्मावती (C) गवरी बाई (D) पन्ना धाय

**6. बिलाडा का संबंध किस लोक देवी से है?**
(A) सकराय माता (B) करणी माता
(C) आई माता (D) जीण माता

**7. 'रायसिंह की प्रशस्ति' का संबंध निम्नलिखित में से किससे है—**
(A) जयपुर के शासकों से (B) बीकानेर के शासकों से
(C) उदयपुर के शासकों से (D) कोटा के शासकों से

**8. राजस्थान में ताराभांत की ओढ़नी किस वर्ग की महिलाओं में प्रचलित है?**
(A) आदिवासी (B) दलित (C) राजपूत (D) जाट

**9. दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के प्रथम चरण में राजस्थान में किन क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है?**
(A) खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराना
(B) जोधपुर-पाली-मारवाड़
(C) उपरोक्त A व B दोनों
(D) जोधपुर-सुमेरपुर-जवाई बाँध

**10. उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में मृदा उर्वरता में अवनयन का प्रमुख क्या कारण है?**
(A) गहन कृषि (B) जल-भराव
(C) पवन अपरदन (D) नाली अपरदन

**11. राजस्थान की जलवायु के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही कूट चुनिए—**
(i) पूर्व से पश्चिम की ओर एवं दक्षिण से उत्तर की ओर वर्षा की मात्रा घटती जाती है।
(ii) रेत की अधिकता के कारण दैनिक व वार्षिक तापान्तर अधिक पाया जाता है।
(iii) ग्रीष्म ऋतु में उच्च दैनिक तापमान 49°C तक पहुँच जाता है।
**कूट—**
(A) (i) तथा (ii) सत्य हैं (B) (i) तथा (iii) सत्य हैं
(C) (ii) तथा (iii) सत्य हैं (D) (i), (ii) तथा (iii) सत्य हैं

**12. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही नहीं है?**

| (प्राचीन अंचल) | | (आधुनिक जिला/जिले) |
|---|---|---|
| (A) मत्स्य देश | — | अलवर, भरतपुर, खैरथल तिजारा, डीग |
| (B) जांगल देश | — | बीकानेर, फलौदी जिले का उत्तरी भाग |
| (C) शिवि | — | चित्तौड़गढ़ |
| (D) अर्बुद देश | — | जालौर, सांचौर |

**13. अश्वगंधा पौधे के किस भाग को दवाईयाँ बनाने के लिए मुख्यतः प्रयोग किया जाता है।**
(A) पत्तियाँ (B) जड़
(C) फूल (D) पराग-कण

**14. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :**

| सूची -I (वन्य क्षेत्र) | सूची -II (स्थान) |
|---|---|
| a. सरिस्का | I. अलवर |
| b. दर्राह | II. कोटा |
| c. माउंट आबू | III. करौली |
| d. कैला देवी | IV. सिरोही |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए:**
(A) a-II, b - III, c - I, d - IV
(B) a-IV, b - III, c - I, d - II
(C) a - I, b - II, c - IV, d - III
(D) a - II, b - I, c - IV, d - III

**15. मल्लीनाथजी का मंदिर ________ में स्थित है।**
(A) तिलवाड़ा (B) कोलू (C) जायल (D) खड़नाल

**16. 'सुनेल टप्पा' जो मंदसौर जिले का भाग था, का राजस्थान में विलय हुआ—**
(A) 1 नवम्बर, 1956 (B) 15 मई, 1949
(C) 30 मार्च, 1949 (D) 25 मार्च, 1948

**17. मत्स्य संघ का उद्घाटन कब हुआ?**
(A) 18 मार्च, 1948 (B) 30 जनवरी, 1948
(C) 20 फरवरी, 1948 (D) 18 मई, 1948

**18. मोतीलाल तेजावत ने कहाँ से आदिवासियों का करबंदी आंदोलन आरम्भ किया?**
(A) कोटड़ा (B) सिरोही (C) झाड़ोल (D) पड़ौना

**19. राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किस वर्ष से शुरू की गई?**
(A) 2016 (B) 2017 (C) 2018 (D) 2019

# प्रैक्टिस पेपर-10

## 1. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

**1. राजस्थान के किस जिले में बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना 'परवन' निर्माणाधीन है?**
(A) जयपुर (B) बांसवाड़ा
(C) झालावाड़ (D) चित्तौड़गढ़

**2. इंदिरा गांधी नहर निम्न में से किन नदियों पर बनाई गई है?**
(A) माही एवं चंबल (B) सोन एवं बनास
(C) साबरमती एवं पार्वती (D) ब्यास एवं सतलुज

**3. गौवंश की कौनसी नस्ल 'मालाणी' भी कहलाती है?**
(A) कांकरेज (B) राठी (C) थारपारकर (D) गिर

**4. निम्नलिखित में से कौन–सी भेड़ की नस्ल नहीं है?**
(A) राठी (B) चोखला (C) नाली (D) पुगल

**5. हरिजन सेवा समिति की स्थापना किसने की?**
(A) माणिक्य लाल वर्मा ने (B) भोगीलाल पाण्ड्या ने
(C) सागरमल गोपा ने (D) जमनालाल बजाज ने

**6. गोविन्द गुरु ने भीलों एवं गरासियों को किसके माध्यम से संगठित किया?**
(A) एकी आंदोलन (B) जरवा सभा
(C) सम्प सभा (D) मुरिया आंदोलन

**7. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (कृषक आंदोलन नेता) सुमेलित नहीं है?**
(A) बिजोलिया — विजय सिंह पथिक
(B) बूँदी — नयनूराम शर्मा
(C) मेव — यासीन खाँ
(D) बेगूं — मघाराम वैद्य

**8. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में कोटा महाराव की सहायता के लिए राज्य ने सैनिक सहायता भेजी?**
(A) जयपुर (B) जोधपुर (C) उदयपुर (D) करौली

**9. राजस्थान का निम्नलिखित में से कौनसा किला राठौर राजपूत राजा राव जोधा द्वारा बनवाया गया था?**
(A) मेहरानगढ़ (B) अंबर (C) जयगढ़ (D) कुंभलगढ़

**10. राजस्थान इतिहास का जनक किसे कहा जाता है ?**
(A) जी.एन. शर्मा (B) श्यामलदास
(C) जी.एच. ओझा (D) कर्नल टॉड

**11. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :**

| सूची-I स्मारक | सूची-II स्थान |
|---|---|
| (a) जसवंत सिंह का थड़ा | (i) जैसलमेर |
| (b) शासकों और पालीवालों की छतरियाँ | (ii) बूंदी |
| (c) चौरासी खंभों की छतरी | (iii) अलवर |
| (d) फतेह गुम्बद | (iv) जोधपुर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) (a) - (iii), (b) - (ii), (c) - (i), (d) - (iv)
(B) (a) - (ii), (b) - (iv), (c) - (iii), (d) - (i)
(C) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (iv), (d) - (ii)
(D) (a) - (iv), (b) - (i), (c) - (ii), (d) - (iii)

**12. निम्नांकित में से किसे 'मिर्ज़ा राजा' के रूप में जाना जाता है?**
(A) मानसिंह (B) जय सिंह
(C) भगवंत दास (D) भारमल

**13. 'हुरड़ा सम्मेलन' का उद्देश्य था—**
(A) अँग्रेजों के बढ़ते प्रभाव को रोकना।
(B) मुस्लिम आक्रान्ताओं से राज्य को बचाना।
(C) मराठों के बढ़ते हस्तक्षेप को रोकना।
(D) इनमें से कोई नहीं।

**14. महाराणा कुम्भा द्वारा रचित ग्रंथ 'संगीत राज' कितने कोषों में विभक्त हैं?**
(A) 7 (सात) (B) 4 (चार) (C) 9 (नौ) (D) 5 (पाँच)

**15. किस ताम्रपाषाणिक स्थल पर सबसे ज्यादा ताम्र सामग्री प्राप्त हुई है?**
(A) अहाड़ (B) बैराठ (C) कालीबंगा (D) गणेश्वर

**16. सात अग्नि वेदिकाओं की पंक्ति प्राप्त हुई है—**
(A) अहाड़ (B) बैराठ (C) गणेश्वर (D) कालीबंगा

**17. 'रमझोल' आभूषण मध्यकालीन मारवाड़ में शरीर के किस भाग से संबंधित है?**
(A) कमर (B) नाक (C) पैर (D) अंगुली

**18. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य सड़क सुरक्षा कार्य योजना अपनाने वाला प्रथम राज्य बना?**
(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) गुजरात (D) मध्य प्रदेश

**19. पासाम्मेंटस्, ऑर्थेंट्स और फ्लूएंट निम्नलिखित में से किस मिट्टी के प्रकार के उपवर्ग हैं ?**
(A) अल्फिसोल्स (B) एंटिसोल्स
(C) इन्सेप्टिसोल्स (D) वर्टिसोल्स

**20. ट्रिवार्था ने पूर्वी राजस्थान को किस जलवायु प्रदेश के अंतर्गत रखा है—**
(A) Aw (B) Bsh (C) Bwh (D) Caw

**21. माही नदी पर निम्न में से कौनसा बाँध बना है?**
(A) माही बजाज सागर (B) कागदी पिकअप डैम
(C) कड़ाना बाँध (D) उपर्युक्त सभी

**22. निम्नलिखित में से कौन सी ताजा पानी की झील है?**
(A) सांभर (B) उदय सागर
(C) डीडवाना (D) पचपदरा

**23. राजस्थान के मरु क्षेत्र हेतु जल पुनर्गठन परियोजना का वित्त पोषण किस एजेंसी ने किया है?**
(A) विश्व बैंक (B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) न्यू डवलपमेंट बैंक (D) एशियन डवलपमेंट बैंक

**49. (B)** राजस्थान के सूखे टीक वन उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहाँ औसत वार्षिक वर्षा 75 से 110 सेंटीमीटर के बीच होती है। 150 से 200 सेंटीमीटर की वर्षा आर्द्र पर्णपाती या सदाबहार वनों की विशेषता है, जो राजस्थान में नहीं पाए जाते। ये वन राज्य के दक्षिणी भागों जैसे डूंगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर में केंद्रित हैं। इन वृक्षों की सामान्यतः ऊँचाई 9 से 13 मीटर तक होती है। व्यावसायिक रूप से इन वनों की लकड़ी का उपयोग फर्नीचर बनाने, दरवाजों की चौखट, खिड़कियों आदि में होता है।

**50. (B)** राजस्थान के **गोलिया** व **हनोतिया** में तांबे के स्रोत हैं।
- ✧ गोलिया (सिरोही) **1 मिलियन टन वाल्यूम** का उत्पादन करता है जबकि **हनोतिया (अजमेर) 10463** मिलियन टन वाल्यूम का उत्पादन करता है।
- ✧ **809.09** मिलियन टन पैकेज के साथ इस राज्य के पास देश के कुल पैकेज का 54% हिस्सा है।

## 2. राजस्थान के समसामयिक मामले की व्याख्या

**51. (C)** iStart राजस्थान सरकार का प्रमुख स्टार्टअप प्रोत्साहन कार्यक्रम है, जिसे सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DOIT&C) के माध्यम से संचालित किया जाता है। यह स्टार्टअप्स के लिए पंजीकरण, फंडिंग और मेंटरशिप हेतु एक सिंगल-विंडो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है।

**52. (C)** राजस्थान के संस्कृत शिक्षा मंत्री ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल, 2026 से राज्य के सभी सात 'संभागीय मुख्यालयों' (जैसे जयपुर, अजमेर, बीकानेर आदि) में आदर्श वेद विद्यालय शुरू किए जाएंगे। इनका उद्देश्य वैदिक अध्ययन की परंपरा को पुनर्जीवित करना है।

**53. (B)** 21 जून 2025 को 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन जैसलमेर के खुड्डी लैंड ड्यून्स (रेत के टीलों) पर किया गया, जो एक अनूठा और सुरम्य स्थल था।

**54. (B)** अंगदान में विशिष्ट योगदान हेतु राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया. 'एक्सीलेंस इन प्रमोशन ऑफ ऑर्गन डोनेशन' और 'इमरजिंग स्टेट इन ऑर्गन डोनेशन एंड ट्रांसप्लांटेशन', जो राज्य के प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है।

**55. (B)** पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के लिए, 11 अगस्त 2025 को प्रदेश के पहले पशु सैक्स सोर्टेड सीमन बैंक की शुरुआत जयपुर के बस्सी में की गई।

**56. (B)** अमृता देवी स्मृति पुरस्कार में व्यक्ति श्रेणी में मुरारदान बारठ (जालौर) और अजीत सिंह छौंछास (लक्ष्मणगढ़, सीकर) को संयुक्त रूप से ₹50,000 और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया।

**57. (C)** 31 मार्च, 2024 तक राजस्थान में कुल सड़क की लंबाई 3,17,121 कि.मी. थी। इस नेटवर्क में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, प्रमुख जिला सड़कें और ग्रामीण सड़कें शामिल हैं, जो राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास को दर्शाती हैं।

**58. (D)** राजस्थान सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके तहत अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाना है।

**59. (C)** बजट में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए GCC मॉडल पर कुल 1000 नई बसें शामिल करने का प्रावधान किया गया है। इनमें से 500 बसें रोडवेज के लिए और 500 बसें शहरी क्षेत्रों के लिए होंगी। इससे यात्रियों को बेहतर और आरामदायक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**60. (C)** गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण की जन्मस्थली आसींद, भीलवाड़ा में 'प्रसाद योजना' के तहत प्रदेश का पहला 'भगवान देवनारायण कॉरिडोर' बनाया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

**61. (C)** यह कॉम्प्लेक्स पचपदरा, बालोतरा में स्थापित किया जा रहा है। यह बीएस-VI मानक उत्पादों का उत्पादन करेगा और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के साथ एकीकृत होने वाली भारत की पहली रिफाइनरी होगी, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**62. (C)** जयपुर के फिल्ममेकर ऋषिराज अग्रवाल को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में 'बेस्ट डॉक्यूमेंट्री' श्रेणी का राष्ट्रीय पुरस्कार 'गॉड, वल्चर एंड ह्यूमन' के लिए प्रदान किया गया। यह डॉक्यूमेंट्री अंगदान प्रक्रिया में ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स के जीवन पर केंद्रित है।

**63. (A)** राजस्थान राज्य GST विभाग ने व्यापार को औपचारिक बनाने और राजस्व बढ़ाने के लिए पहली बार पुष्कर मेले में घोड़ों की बिक्री पर 5% GST लगाया है। इसके अनुपालन के लिए रसीदें जारी की जा रही हैं और चेकपोस्ट बनाए गए हैं।

**64. (C)** चीन के इमिशन में आयोजित प्रतियोगिता में जयपुर के अंकेश्वर मेड़तवाल और प्रकाश गुप्ता ने कांस्य पदक जीते।

**65. (A)** जयपुर के सीतापुरा में यह कॉम्प्लेक्स तैयार किया गया है। यहाँ उद्यमियों को रेडी-टू-मूव फैक्ट्री जगह मिलेगी। इसका क्षेत्रफल 4167 वर्गमीटर है।

**66. (A)** यह नीति 2025 से 2032 तक चरणबद्ध रूप से लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य 2032 तक 100% शहरी कवरेज सुनिश्चित करना है।

**67. (A)** केंद्रीय जल मंत्री सी.आर. पाटिल और सीएम भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं जिले के मण्डेला से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**68. (B)** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 13 अक्टूबर 2025 को जयपुर में इस विजन डॉक्यूमेंट का विमोचन किया।

**69. (B)** इस योजना का उद्देश्य कम उत्पादकता वाले 100 जिलों में कृषि विकास करना है। इसमें राजस्थान के 8 जिले- बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, जोधपुर, बीकानेर, पाली, जालोर व चूरू शामिल हैं।

**70. (B)** जलदाय विभाग पहली बार पांच बड़े पेयजल सप्लाई प्रोजेक्ट हाइब्रिड एन्युटी (हेम) मॉडल पर बड़ी कंपनियों को देने जा रहा है। इसमें ठेकेदार 60% निवेश करेगा और 40% सरकार।

**71. (B)** राजस्थान सरकार ने मंडावा, खाटू श्यामजी, भिवाड़ी, अलवर, बीकानेर और भरतपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इसके लिए जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड (JSCL) को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त किया गया है।

**72. (B)** राजस्थान को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प के तहत, बजट में प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पर आधुनिक जाँच

**90. (D)** वर्ष 2009 में 'गंगा नदी की डॉल्फिन' को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। यह स्तनधारी जीव पवित्र गंगा की शुद्धता को भी प्रकट करता है क्योंकि यह केवल शुद्ध और मीठे पानी में ही जीवित रह सकता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'Platanista gangetica' है।

**91. (C)** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में कुल प्रवासी आबादी 45.57 करोड़ है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 27.8 करोड़ और शहरी क्षेत्रों में 17.8 करोड़ शामिल है। महिला प्रवासियों की संख्या 30.96 करोड़ और पुरुष प्रवासियों की संख्या 14.6 करोड़ है। कुल प्रवासी आबादी में से 68 प्रतिशत महिलाएँ और 32 प्रतिशत पुरुष हैं। ग्रामीण और शहरी प्रवास का अनुपात 1.6 : 1 है। अतः विकल्प (C) सही है।

**92. (A)** भारतीय संविधान के भाग-15 के अनुच्छेद 324 से 329 में चुनावों से सम्बन्धित उपबन्ध दिया गया है।

**93. (C)** रिट/परमादेश एक औपचारिक दस्तावेज होता है जिसमें केवल भारत के उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार को जारी किए गए न्यायालय के आदेश निहित होता है। यह लेख उस समय जारी किया जाता है, जब कोई पदाधिकारी अपने सार्वजनिक कर्त्तव्य का निर्वाह नहीं करता है।

**94. (B)** VVPAT (वोटर वेरिफाबल पेपर ऑडिट ट्रेल) एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन हैं, जो ईवीएम मशीन के साथ अटैच रहती हैं, यह मशीन वोटर को उसके डाले गए वोट के बारे में विस्तृत जानकारी देती है। इसका सबसे पहले प्रयोग 2013 में नागालैण्ड चुनाव में किया गया था।

**95. (B)** कनाडा उत्तरी अमेरिका का एक ऐसा देश है। इसके दस प्रांत और क्षेत्र अटलांटिक महासागर से प्रशांत महासागर तक तथा उत्तर की ओर आर्कटिक महासागर तक फैले हुए हैं, जो इसे दुनिया की सबसे बड़ी तटरेखा वाला देश बनाते हैं। कनाडा कुल क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

**96. (B)** पृथ्वी की घूर्णन गति दोगुना हो जाने के कारण किसी स्थान पर आने वाले अर्द्ध दैनिक ज्वार में 13 मिनट का विलंब होगा। जब किसी स्थान पर दिन में दो बार (12 घंटे 26 मिनट में) ज्वार-भाटा आता है, तो इसे अर्द्ध-दैनिक ज्वार कहते हैं। ताहिती द्वीप और ब्रिटिश द्वीप समूह में अर्द्ध-दैनिक ज्वार आते हैं।

**97. (A)** हिंद महासागर (Indian Ocean) दुनिया का सबसे गर्म महासागर है क्योंकि यह विषुवतीय क्षेत्र (Equatorial Zone) के करीब स्थित है।

- ✧ यह गर्म जलवायु वाले एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थित है, जिससे इसमें गर्मी अधिक होती है।
- ✧ प्रशांत महासागर (Pacific Ocean) सबसे बड़ा महासागर है, लेकिन यह ठंडे और गर्म क्षेत्रों में फैला हुआ है।
- ✧ अटलांटिक महासागर (Atlantic Ocean) में उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों की ठंडी जलधाराएँ इसे अपेक्षाकृत ठंडा बनाए रखती हैं।

## 4. शैक्षणिक मनोविज्ञान की व्याख्या

**98. (C)** अधिगम के समस्या-समाधान उपागम में अंतिम चरण निष्पादन का सत्यापन है। यह वह चरण होता है जिसमें व्यक्ति यह सुनिश्चित करता है कि समाधान सही है और उसे लागू किया जा सकता है। इस सत्यापन प्रक्रिया के माध्यम से समाधान की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जाता है।

- ✧ **तार्किक क्रम का अनुसरण**—यह समस्या-समाधान प्रक्रिया का मध्य चरण है, जिसमें व्यक्ति तार्किक तरीके से सोचता है।
- ✧ **संप्रत्यय तथा नियमों का ज्ञान**—यह समस्या को समझने और आवश्यक ज्ञान प्राप्त करने का चरण है।
- ✧ **क्रियाविधि का प्रदर्शन**—यह समाधान को क्रियान्वित करने का चरण है, परंतु सत्यापन अंतिम चरण है।

**99. (C)** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (C) सही है।

- ✧ शिक्षा मनोविज्ञान में आनुपातिक मापनी का प्रयोग न्यूनतम किया जाता है।
- ✧ **आनुपातिक मापनी** : मापनियें का उच्चतम स्तर है। इसमें एक निश्चित (निरपेक्ष) शून्य बिन्दु के साथ एक अन्तराल पैमाने के गुण होते हैं। निरपेक्ष शून्य बिन्दु हमें एक सार्थक अनुपात बनाने की अनुमति देता है।
- ✧ **समान अन्तराल मापनी** : एक मापनी जिसमें संख्याओं का उपयोग विशेषताओं को श्रेणीकृत करने के लिए किया जाता है।
- ✧ **क्रमिक मापनी** : इसमें मापी जा रही विशेषता की निरन्तरता के साथ वस्तुओं का श्रेणीकरण शामिल है।
- ✧ **नामिक कम्पनी** : यह सभी मापनियों में सबसे अपरिष्कृत है लेकिन सबसे सरल भी है जिसमें मापन पर अलग-अलग स्कोर बस अलग-अलग श्रेणियों को दर्शाते हैं।

**100. (C)** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (C) सही है।

- ✧ एक व्यक्ति की दिखाई देने वाली दैहिक तथा मनोवैज्ञानिक विशेषताओं को **फीनोटाइप** कहते हैं।
- ✧ **फीनोटाइप** : यह किसी व्यक्ति द्वारा वंशागत रूप में मिले जीन की अभिव्यक्ति है।
- ✧ **प्रोटोटाइप** : यह आने वाली परियोजनाओं के बारे में पहले से मौजूद विचार प्रस्तुत करने के लिए तैयार आधारभूत संरचना/मॉडल है।
- ✧ **कारियोटाइप** : यह गुणसूत्र संरचनाओं के आकार, आकृति और संख्या की जाँच करने के लिए परीक्षण है।
- ✧ **जीनोटाइप** : किसी जीव का आनुवंशिक संघटन, जिसे अक्सर प्रतीकों में व्यक्त किया जाता है। उसका जीनोटाइप होता है। किसी व्यक्ति के आनुवांशिक संघटन को उसके जीनोटाइप के रूप में जाना जाता है।

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें




























**DAKSH PUBLICATIONS**
(A Unit of College Book Centre)
A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)
फोन नं. 0141-2604302
Code No. D-905 ₹ 380/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें
★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★